तुम दर्शन हम नैना रामा

तुम दर्शन हम नैना रामा,
तुम दर्शन हम नैना रामा॥

कौशल्या की कोख से तुमने जनम लिया है ऐसे,
सुख समृद्धि की गंगा को मुख से जन्मे जैसे,
सरजू के तट झूम के गायें पल पल आज बधाई,
युग युग अँखियाँ तरसी है अब घडी यह पवन आई
मिल गया मन को चैना रामा
तुम दर्शन हम नैना रामा......

हम जीवन हैं तुम मुक्ति,
हम मरुस्थल तुम जल की धार,
हम स्वार्थ की बूँद हैं रामा,
तुम करना का सिंधु अपार,
हम दीपक तुम ज्योति,
हम संतान है तुम हो पालनहार,
हम आशा विश्वास हो तुम,
हम झांझर हैं तुम झंकार,
तुम सूरज हम रैना रामा
तुम दर्शन हम नैना रामा.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5061/title/tum-darshan-hu-naina-rama

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |